एक नजर

हरि हरेश्वर मेले में उमड़ा सैलाब

महू। नगर में सोमवार से शुरू हुए हरि हरेश्वर महोत्सव मेले की शुरुआत हुई। जो मंगलवार तक जारी रहेगा। इस मेले में जहां झूले-चकरी आकर्षण का केंद्र रहे, वहीं खान-पान की दुकानें भी मेले में आए ग्रामीणों को लुभा रही है। मेले में विभिन्न दुकानों पर मिलने वाले खिलौनों की खरीददारी जोरों पर रही। मेले में नगर के बच्चों का उत्साह देखने को मिला है। मेले में लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसको लेकर पुलिस प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था रही। मेले में पुलिस के जवान मुस्तैद नजर आए।

बाल दिवस के अवसर पर बच्चों को पेन-कॉपियां भेंट की

कन्नौद। ब्राह्मण मंडल द्वारा देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू (चाचा नेहरू) की जन्मतिथि पर बाल दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम बहिरावद के प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को पेन-कॉपियां भेंटकर मनाया गया। इस मौके पर बच्चों ने कविताएं, कहानियां सुनाई। इस अवसर पर अरविंद आर्य पूर्व पार्षद, ब्राह्मण मंडल अध्यक्ष राधेश्याम जाट, राजेश जोशी, अवधेश वैष्णव द्वारा बच्चों को संबोधित किया गया। इस दौरान मंडी सदस्य पत्नाविरसाल, उमाशंकर पाटीदार, राम कापसे आदि उपस्थित थे।

महिला के गले से चेन छिन ले गए बदमाश

पीथमपुर सेक्टर तीन स्थित प्रतिभा सिंटेक्स कम्पनी के सामने एक महिला के गले से मंगलसूत्र छिनकर ले गये प्राप्त जानकारी के अनुसार दत्ताई पति विष्टि चौहान उम्र 30 वर्ष निवासी अकोलिया प्रतिभा सिंटेक्स कम्पनी के सामने से गुजर रही थी तभी अज्ञात बदमाशों ने महिला का मुंह दबाकर गले से मंगलसूत्र छिन लिया मंगलसूत्र की कीमत 10 हजार रुपए बताई जा रही है।

नगर परिषद महूगांव में स्वच्छता सामग्री का वितरण

महू। स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर परिषद महूगांव द्वारा कर्मचारियों को सफाई किट प्रदान की गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अजय सिंह चौहान द्वारा निकाय के सफाई कर्मचारियों को स्वच्छता किट प्रदान करते हुए सफाई कार्य के दौरान किट का उपयोग करना अनिवार्य संबंधित निर्देश प्रदान किये गये तथा दिलीप श्रीवास्तव, लेखापाल द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण-2018 के बैच सफाई कर्मचारियों को लगाये गये। कार्यक्रम में निकाय के कर्मचारी राजेन्द्र आर्य, विजय श्रीवास, अजहर खान आदि मौजूद थे।

बाल महोत्सव पर निकली रैली।

चाचा नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते कांग्रेसी।

बाल महोत्सव- चाचा नेहरू की प्रतिमा पर कांग्रेसियों ने की पुष्पांजलि अर्पित

37वें बाल महोत्सव के आगाज पर रंगारंग बाल रैली

महू। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की 127वीं जयंती बाल महोत्सव के रूप में मनाई गई। शहर में कांग्रेसियों ने जहां ड्रीमलैंड चौराहा स्थित पं. जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर पहुंचकर माल्यार्पण किया, वहीं बाल महोत्सव समिति ने अपने 37वें बाल महोत्सव का आगाज नेहरू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर रंगारंग बाल रैली निकालकर किया। इस रैली में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी चाचा नेहरू, रानी लक्ष्मीबाई, डॉ. बाबा सा. आंबेडकर, महात्मा गांधी, बेटी है तो कल है, भारत माता के वेशभूषा में सजकर आए।

37वें बाल महोत्सव पर नन्हों का उत्साह चरम पर था.. मंगलवार को सीबी कन्या शाला से 70 शासकीय के साथ निजी विद्यालय के करीब सैकड़ों विद्यार्थी बाल रैली में शिरकत करने पहुंचे। रैली को महू केंट बोर्ड उपाध्यक्ष विजयवर्गीय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो शहर के प्रमुख मार्गो से होकर ड्रीमलैंड स्थित चाचा नेहरू की प्रतिमा पर पहुंची। रैली में स्वच्छता का संदेश देने के साथ वीर शिवाजी, महाराणा प्रताप बने दो बालक आकर्षण का केन्द्र रहे। इसी के साथ डिजायर एकेडमी का राष्ट्रीय गीत बजाता बैंड रैली में आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में मु य अतिथि एडम कमांडेंट कर्नल विजय खन्ना थे। इस दौरान पार्षद मुजीब कुरैशी, भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ के एसोसिएट सेक्रेटरी मृणाल पंत की अध्यक्षता में यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में मृणाल पंत, कैलाश चौधरी, राधेश्याम बियाणी, विमलचंद जैन ने नेहरू जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जिसके बाद अतिथियों ने श्वेत कपोत के साथ रंगीन गुब्बारे में बाल महोत्सव का बैनर उड़ाकर शुभारंभ किया।

मार्च पास्ट स्पर्धा में यह रहे विजेता- बाल रैली में आयोजित मार्चपास्ट स्पर्धा में श्री एकेडमी कोदरिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। क्रिस्टिना कांवेंट स्कूल महूगांव द्वितीय स्थान पर रही, वहीं तृतीय स्थान डिजायर एकेडमी महू को मिला। कार्यक्रम का संचालन विशाल श्रीवास, उमेश खंडेलवाल, कमलेश मिश्रा, विजयकुमार विजयवर्गीय, शाकीर खान और दिनेश जादम ने किया। आभार सुरेश खंडेलवाल ने माना।

प्रदेश कार्यकारणी सदस्य बनने पर अमृत जैन का स्वागत

पीथमपुर गत दिनो पार्टी के प्रति अपनी कार्यशैली को देखते हुये सांसद प्रतिनिधी अमृत जैन को मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य बनाया गया था।जिसकी खबर जेसे ही समर्थको के बीच आई समर्थको द्वारा उनका जगह-जगह स्वागत किया गया।सर्वप्रथम युवाओ ने अमित दुबे के नेतत्व में उन्ही के मेडिकल प्रांगण पर जाकर उनको फूल-मालाओ से स्वागत कर उनको बधाई दी।पश्चात गुरुकुल स्कूल में भी उनका स्वागत किया गया।इसी तरह सोनाली ज्वेलर्स प्रांगण पर देवीलाल धाकड के नेतत्व में स्वागत किया।अंत में श्री जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर सुभाष जायसवाल,देवीलाल धाकड,पवन गुर्जर,कमल गुर्जर,राज पटेल,किशर रघुवंशी,बालाराम मीणा,जितेंद्र मीणा,संजय शर्मा,मानसिंह जी,मनोहर सेन,संदीप गुर्जर,पवन मीणा,मोहित पटेल,कमल मीणा,पंकज परिहार,उपस्थित थे।

कांटाफोड़ थानांतर्गत करीब ढाई वर्ष पूर्व की थी नाबालिग बालक की हत्या

हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

कन्नौद। कांटाफोड़ थानांतर्गत ग्राम बेड़ग्याव में करीब ढाई वर्ष पहले हुई नाबालिग बालक की हत्या के मामले में कन्नौद कोर्ट ने मंगलवार को अपना फैसला सुनाया। कोर्ट ने मामले में आरोपी को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही तीन हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक घटना 12 मार्च 2015 की है। ग्राम बेड़ग्याव के आरोपी कवरू पिता सुरेश वाला कांटाफोड़ ने मृतक सोमनाथ पिता नोलू सिलाला व सावन को बुलाकर जंगल की तरफ लेकर गया था। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर मृतक सोमनाथ का पिता नोलू सावन के घर गया और उसके पिता के सामने सोमनाथ के बारे में पूछताछ की। जिस पर सावन ने बताया कि कवरू उसे व सोमनाथ को जंगल की तरफ लेकर गया था। जंगल में कवरू ने सोमनाथ से फेन के बारे में पूछा कि मेरा फेन तेरे पास है, तो सोमनाथ ने मना कर दिया। इस बात से नाराज होकर कवरू ने सोमनाथ को पत्थर से मारा और उसे दबाकर वहीं जंगल में सुला दिया। तथा तुरंत गांव की ओर आ गया। इसके बाद मैं भी उसके पीछे-पीछे गांव में आ गया। इसके पश्चात सोमनाथ का पिता नोलू सावन व अन्य गांव के लोगों को लेकर किटौला जंगल में गया तो नदी के पास टेमरू के पेड़ के नीचे सोमनाथ मरा हुआ पड़ा था। उसके शरीर पर चोट के निशान थे। इसके बाद नोलू पिता दलसिंह सिलाला निवासी बेड़ग्याव द्वारा कांटाफोड़ थाने पर घटना की रिपोर्ट आरोपी कवरू के विरुद्ध लिखाई गई। पुलिस ने अनुसंधान के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय में पेश किया। प्रकरण में सुनवाई के बाद अपर सत्र न्यायाधीश लीना आसाठे ने आरोपी कवरू को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही तीन हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। शासन की ओर से मामले में पैरवी शासकीय अभिभाषक दिनेशचंद्र तिवारी ने की। कोर्ट मोहर्रिर अशोक शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

चांदी के सिक्के मुंह में रखकर ले जा रहा था, गार्ड ने पकड़ा

पीथमपुर सेक्टर तीन स्थित सिक्का बनाने वाली मित्तल एप्लायंसेस के एक मजदुर को कम्पनी के सिक्योरिटी गार्ड ने कम्पनी से चांदी के 11 सिक्के मुह में रखकर ले जाते हुये पकडा कम्पनी प्रबंधक ने इसकी सुचना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस ने आरोपी मजदुर श्याम पिता कृष्णा पाल सिंह निवासी इंडोरामा को गिरफ्तार कर पुछताछ शुरू की।आरोपी ने उसके एक अन्य पुष्पराज पिता समर बहादुर के चोरी करने की बात भी कही पुलिस ने दुसरे आरोपी को गिरफ्तार कर उसके घर की तलाशी ली तो आधा किलो चांदी के सिक्के बरामद हुये पुलिस ने दोनो आरोपीयो के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

कांग्रेस कार्यालयों का शुभारम्भ

पीथमपुर।आगामी नगर पालिका चुनाव से पहले दोनो पार्टीयो ने वार्डो में पार्टी कार्यालय खोलना शुरू कर दिया है।इसी कडी में मंगलवार को मनोज सिंह गौतम व शहर कांग्रेस अध्यक्ष पिंटू जायसवाल ने वार्ड 27 से 31 तक में कांग्रेस कार्यालय का फीता काटकर शुभारम्भ किया।इस अवसर पर गौतम ने उपस्थित कांग्रेसीयो को अपने-अपने वार्डो में सक्रियता बढाने की बात कही।इस अवसर पर विपिन दुबे,गोविंद पाराशर, गुड्डू जायसवाल, अंकित अग्रवाल, अभिजित शर्मा,दिलीप थोरात सहित बडी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

NATRAJ PROTEINS LIMITED
CIN: L00153MP1990PLC006090
Regd. Off. -Nagpur Kalan, Ordinance Factory Road,
Itarsi- 461111 (M.P.)
E-mail: natrajproteinltd@rediffmail.com

STANDALONE UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30th SEPTEMBER, 2017

(In Lakhs) (Except EPS)

Particulars	Quarter ended 30.9.2017	Year to date figures ending 30.09.2017	Corresponding 3 months ended in previous year 30.9.2016
Total income from operations	3997.40	8182.26	5464.06
Net Profit / (Loss) for the period (Before Tax, Exceptional and/ or Extraordinary items)	4.40	10.36	(44.01)
Net Profit / (Loss) for the period before Tax (After Exceptional and/ or Extraordinary items)	4.40	10.36	(44.01)
Net Profit / (Loss) for the period After Tax Exceptional and/ or Extraordinary items)	1.90	7.86	(44.01)
Total comprehensive income for the period [Comprising Profit/ (Loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after Tax)]	1.90	7.71	(44.01)
Equity Share Capital	374.70	374.70	374.70
Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Audited Balance Sheet of previous year)	-	-	-
Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) Basic: Diluted:	 0.05 0.05	 0.21 0.21	 (1.17) (1.17)

Note:
1. The above is an extract of the detailed format of Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015.
2. The Company adopted Indian Accounting Standards ("IND AS") from 01.04.2017 and accordingly these financial results have been prepared in accordance with the recognition and measurement principles laid down in the IND AS 34 Interim Financial Reporting" prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 read with the relevant rules made thereunder.

Date: 13th November, 2017
Place: Itarsi

For, NATRAJ PROTEINS LIMITED
SD/-
KAILASH CHAND SHARMA
CHAIRMAN & MANAGING DIRECTOR
DIN: 00012900

प्रारूप छः
(नियम 6 देखिये) एस.एन69/17-18
अचल सम्पत्ति के विक्रय की उद्घोषणा
(मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 147 (ग) के अधीन)

क्योंकि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति दिनेश पुत्र पंढरीनाथ महाजन ग्राम खरगोन तहसील खरगोन जिला खरगोन के निवासी पर राजस्व प्रकरण क्रमांक 03/अ-16/14-15 के खाते में देय रु. 4,20,300/- तथा आदेशिका शुल्क के लेखे में देय रु. 4,20, 310/- की वसूली हेतु कुर्क की गई है।

एतद् द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि यदि इसमें विक्रय के हेतु नियत दिनांक से पूर्व कुल देय राशि का भुगतान नहीं किया जाता, उक्त सम्पत्ति का सार्वजनिक नीलाम द्वारा न्यायालय तहसीलदार, खरगोन स्थान पर दिनांक 16.11.2017 को 11.00 बजे या उस समय के लगभग विक्रय कर दिया जाएगा।

विक्रय का विस्तार उक्त सम्पत्ति में केवल उक्त बकायादार के स्वत्वों, स्वत्वाधिकारों एवं हितों तक सीमित होगा।

वर्णन	सम्पत्ति का ब्यौरा निर्धारण यदि कोई हो	किसी भी ज्ञात भार आदि की टिप्पणी
(1)	(2)	(3)
रा.प्र.क्र.03/अ-16 14-15 में वसूली योग्य बकाया राशि रु. 4,20,300/-	ग्राम सांगवी स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 71/4 रकबा क्रमशः 0.417 है.	रा.प्र.क्र.03/अ-16/14-15 में वसूली योग्य बकाया राशि रु. 4,20,310/-

टीप- नीलामी संबंधित शर्तो की जानकारी न्यायालय तहसीलदार, खरगोन से उक्त तिथि के पूर्व न्यायालयीन कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है।

मुद्रा- दिनांक 02.11.2017

तहसीलदार
तहसील खरगोन

जी-19426/17

विधायक ने की सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा

कन्नौद। क्षेत्रीय विधायक पं.आशीष शर्मा ने जनपद पंचायत भवन में समस्त विभागों के अधिकारियो के साथ समीक्षा बेठक की। इस अवसर पर उन्होंने सभी अधिकारियो को कहा की आप लोगो का व्यवहार लोगो के साथ दोस्ताना होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने पहली बार सभी अधिकारियो से फील्ड में कार्य करने में आ रही परेशानियो के बारे में पुछा। साथ ही शासन की योजनाओ में कहां बदलाव की आवश्यकता है बताने को कहा। कहां कहाँ स्टाफ की,अमले की कमी है जाना। इस दौरान पुलिस विभाग को कन्याओ के स्कूल आने जाने में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने को कहा साथ ही कन्याशालाओ,स्कूलों के आस पास पान गुटखा,दारू,अंडे की दुकान हटाने एवम स्कूलो के आस पास अवांछनीय तत्वों के साथ शक्ति से निपटने को कहा। चिकित्सा विभाग को नेत्र शिवीर एवम चिकित्सा शिवीर लगाना, जनपद पंचायत को विकलांग शिविर लगाना एवम उपकरण वितरण का कहा। शिक्षा विभाग को जीर्ण शीर्ण स्कूलो की संख्या बताने व छात्रावास के अधिकारियो को योग क्लास लगाने एवम विशेष साफ सफाई रखने का कहा। कृषि विभाग को आने वाली फसल में किस किसान ने क्या और कितना बोया है इसका डाटा तैयार करने के निर्देश दिए। एवम थम्ब इम्प्रेसन के माध्यम से राशन की दुकानों पर राशन नही मिल रहा है इसके विषय में सरकार स्तर पर भोपाल में सम्बंधित मंत्रालय से चर्चा करने को कहा। आधार कार्ड बनवाने में जो परेशानी आ रही है उसके निराकरण के लिए अनुविभागीय अधिकारी,राजस्व अधिकारियो को कहा।साथ ही कॉलेज के एस सी,एसटी के छात्रो को कमरा किराया मिलने में जो परेशानी आ रही है उसके निराकरण के लिए रजिस्ट्रार को निर्देश दिए गए। पी डब्ल्यु डी को कन्नौद से बहिरावद रोड बनाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर समस्त विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

19 नवंबर को खजराना में इज्तेमाई शादी

इंदौर। मुस्लिम समाज में 19 नवम्बर को एक बड़ी इज्तेमाई शादी खजराना में होने जा रही है। इस इज्तेमाई शादी की तैयारियों को लेकर खजराना के नूरी कम्युनिटी हॉल में एक बैठक आयोजित की गई।जिसमें बताया गया कि मोहसिने आजम मिशन के तत्वावधान में 30 जोड़ों की इज्तेमाई शादी में मुख्य अतिथि के रूप में किछौछा शरीफ उत्तरप्रदेश के मौलाना अशरफी मियां इंदौर तशरीफ ला रहे हैं। मोहसिने आजम मिशन द्वारा तीसरी मुस्लिम इज्तेमाई शादी सम्मेलन की तैयारियों लेकर बैठक में 200 से अधिक सदस्यों को व्यवस्था सम्भालने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

MC MEDI-CAPS LTD.
Regd. Office: Mhow-Neemuch Road, Pithampur - 454775, Distt. Dhar (M.P.)
Email: investors@medicaps.com Phone: 07292-424242, Fax 07292-407397 | CIN: L24232MP1983PLC002231

EXTRACT OF UNAUDITED STANDALONE FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER/HALF YEARLY ENDED 30th SEPTEMBER, 2017

(₹ In Lakhs except EPS)

PARTICULARS	Quarter ended 30/09/2017) (Unaudited)	Year to date 30/09/2017 (Unaudited)	Corresponding 6 months ended in PY 30/09/2016 (Unaudited)
Total income from operations (net)	684.21	1154.27	1127.21
Net Profit / (Loss) for the period (before Tax Exceptional and/or Extraordinary items)	17.30	30.35	78.73
Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	17.30	30.35	78.73
Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	14.30	22.35	63.73
Total Comprehensive Income for the period [Comprising profit/ (Loss) for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax)]	0.00	0.00	0.00
Equity Share Capital	1247.00	1247.00	1247.00
Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year)	-	-	-
Earnings Per Share (before extraordinary items) (of ₹10 each) Basic: Diluted:	 0.11 0.11	 0.18 0.18	 0.51 0.51

Note: 1. The above is an extract of the detailed format of Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015. 2. The Company adopted Indian Accounting Standards ("IND AS") from 01.04.2017 and accordingly these financial results have been prepared in accordance with the recognition and measurement principles laid down in the IND AS 34 Interim Financial Reporting" prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 read with the relevant rules made there under. 3. The full format of the Unaudited Standalone Quarterly Financial Results is available on the Stock Exchange Website: http://www.bseindia.com/stock-share-price/medi-caps-ltd/medicapq/523144/ & on Company's website: http://www.medicaps.com/financial.html.

Place : Pithampur
Date : 13.11.2017

For MEDI-CAPS LIMITED
Alok K. Garg
Managing Director
DIN - 00274321

केक काटकर मनाया चाचा नेहरू का जन्मदिन

पीथमपुर। बच्चों के लोकप्रिय चाचा नेहरू के जन्मदिन के अवसर पर नगर के सरस्वती हाई स्कूल,सेंट जोंस हाई स्कूल,श्रद्धा बाल मंदिर,नेहरू पब्लिक स्कूल,पीथमपुर पब्लिक स्कूल,एडवांस एकेडमी,लक्की कान्वेंट स्कूल, में बाल दिवस मनाया गया जहा स्कूलो के नन्हे-मुन्ने बच्चो हर्षोल्लास से हाथ में गुलाब का फूल लिये आकर्षक का केंद्र बने हुये थे।स्कूलो में बच्चो व शिक्षक शिक्षिकाओ ने चाचा नेहरू व मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर केक काटकर चाचा नेहरू को याद किया।साथ ही सरस्वती हाई स्कूल के प्राचार्य जगमाल सिंह पंवार सेंट जोंस हाई स्कूल के संचालक नरेश सेठिया,एडवांस एकेडमी की संचालिका कविता द्विवेदी ने बच्चो को चाचा नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते हुये कहा की चाचा नेहरू को बच्चो के प्रति स्नेह था।नेहरू जी बच्चो को भविष्य की तरह देखते थे।उन्होंने अपने जीवन का अधिकतर समय बच्चो के साथ बिताया है।इस अवसर पर स्कूलो में मेले का भी आयोजन किया गया।

तेनालीरामा दिल के बेहद करीब

कलाकार ने स्कूली बच्चों के बीच जाकर मनाया बाल दिवस

इंदौर। सब टीवी के सबसे प्रसिद्ध शो तेनालीरामा में तेनाली का किरदार निभाने वाले कृष्णा भारद्वाज आज शहर आए। उन्होंने सुबह शहर की 2 स्कूलों में जाकर बच्चों के साथ बाल दिवस मनाया। उसके बाद पत्रकारों के साथ अपने करियर की बातें साझा की। उन्होंने बताया कि ये शो उनके दिल के बेहद करीब है।

कृष्णा ने बताया कि बचपन से दूरदर्शन में कई काम किए और उसके बाद एक्टिंग की बारीकियां और डांस सीखने के बाद रांची से मुंबई की ओर रुख किया। कृष्णा ने बताया कि लगातार शो करने के बाद पिछले 4 सालों में जब उन्हें मुंबई में कोई काम नहीं मिला तो वे डिप्रेशन में चले गए थे। अचानक पता चला की सब टीवी कुछ नया बदलाव करना चाहता है और उसमें नया शो तेनालीरामा प्रसारित होने वाला है। इस शो के लिए जब कृष्णा ने ऑडिशन दिया तो उन्हें सिलेक्ट कर लिया गया। आज तेनाली रामा सब टीवी का सबसे महंगा और अलग हटकर शो है जिसे कृष्णा ने अपने अलग अंदाज और चेहरे के हाव भाव से दिखाया है। इंदौर के बाद कृष्णा टीम के साथ उज्जैन महाकाल दर्शन के लिए भी गये।

खजराना में बच्चों को दिया स्पर्श का प्रशिक्षण

इंदौर। अपार सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा बाल दिवस के अवसर पर खजराना क्षेत्र में बच्चों को अच्छा स्पर्श व बुरा स्पर्श पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों ने कई प्रश्न भी किए जिसे संस्था के कार्यकर्ताओ ने बच्चों की जिज्ञासा को दूर किया। कार्यक्रम में संस्थान के कार्यकर्ता पुष्पा चौखरे व अवधेश भदौरिया जी उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत मे बच्चों को स्वल्पाहार वितरित किया गया।

नवलसिंह सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित
नवलनगर बुरहानपुर जिला बुरहानपुर म.प्र..
Reg No.ARKWA/1238/ DATE 08-04-1981
फोन नं. (07325) 288061, 62, 288065, फैक्स 288606

सूचना पत्र

संस्था के गन्ना उत्पादक अंशधारी सदस्यों के समूहों में से प्रत्यायुक्तों के निर्वाचन हेतु विशेष लघु आमसभा का आयोजन दिनांक 30.11.2017 को प्रातः 10.00 बजे से निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार समूहों के लिए नियत मतदान केंद्रों पर किया गया है। जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

विषय सूची

1- संस्था की उपविधि क्रमांक 19 के अंतर्गत संस्था के प्रत्यायुक्तों का निर्वाचन। कार्यक्रम संस्था के सूचना पटल पर चस्पा है।

प्रबंधक संचालक अध्यक्ष